तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

13 रफ्तार पर लगाम नहीं, ब्रेकर का इंतजार आए...



14 खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम, रोमांचक...



खबर संक्षेप

गोद भराई कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष व जनपद अध्यक्ष हुईं शामिल



मैनपुर। शासन के मंशा अनुरूप ग्रामीण अंचल में चलाए जा रहे सेवा सेतु संकल्प अभियान के तहत मैनपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम और जनपद पंचायत मैनपुर की अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम द्वारा गर्भवती माताओं की पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गोद भराई की रस्म पूरी की गई और उन्हें सुपोषित रहने का आशीर्वाद दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम और जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम ने कहा कि मां और बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर रहना ही सशक्त समाज की नींव है। उन्होंने उपस्थित माताओं को सही पोषण आहार, हरी सब्जियों, दालों व आवश्यक पोषक तत्वों के नियमित सेवन की जानकारी दी। साथ ही गर्भावस्था और शिशु के जन्म के बाद ली जाने वाली जरूरी सावधानियों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर मैनपुर अधिकारी श्रीमति लीलावती सेन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन बहनें और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं कार्यक्रम के अंत में माताओं को पोषण किट भी भेंट की गई।

कैरियर काउंसलिंग में विद्यार्थियों को दिया गया सफलता का मंत्र



मुड़ागांव(कोरासी)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में 5 अक्टूबर को विद्यार्थियों को भविष्य की सही दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, छुरा सी.एल. साहू ने विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा रोजगार के अवसरों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। काउंसलर सी.एल. साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उसके प्रति निरंतर मेहनत करना आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता को पहचानकर ही कैरियर का चुनाव करना चाहिए। उन्होंने समय-प्रबंधन, नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच को सफलता की महत्वपूर्ण आधारशिला बताया। इस दौरान विद्यार्थियों ने ▶▶| शेष पेज 12 पर

सचिव की निष्क्रियता के चलते ग्रापं जाडापदर के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों का सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जाड़ापदर के सचिव की निष्क्रियता के चलते सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों ने सोमवार को सेवा संकल्प अभियान भाठीगढ़ में कलेक्टर के नाम जिला पंचायत सीईओ को इस्तीफा लिखकर सौंप दिया।

विकासखण्ड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जाड़ापदर में विकास कार्य पूरी तरह ठप होने और प्रशासनिक अनदेखी से नाराज होकर पंचायत पदाधिकारियों ने सामूहिक त्यागपत्र दिया है। सरपंच श्रीमतर उपासीन नागेश, उपसरपंच एवं पंच सुमतबाई, ताराबाई, दिनेश्वरी, अशोक कुमार नागेश, जागेश्वर नागेश, उत्तम देववंशी एवं पंचो ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन एक साथ अपना त्यागपत्र सेवा संकल्प शिविर भाठीगढ में गरियाबंद कलेक्टर के नाम सौंपते हुए ग्राम पंचायत के सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

विकास कार्य हो गए हैं ठप- ग्राम पंचायत पदाधिकारियों द्वारा दिए गए त्यागपत्र पत्र के अनुसार, जाड़ापदर में पदस्थ सचिव समारू राम ध्रुव द्वारा पंचायत के कार्यों का समयबद्धता और तत्परता से निष्पादन नहीं किया जा रहा है। सचिव पर आरोप है कि वे ऑनलाइन कार्य, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना, जियो टैगिंग, 15वें वित्त आयोग के कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन सत्यापन तथा ग्राम सभा की बैठकों तक में लगातार अनुपस्थित रहते हैं। सरपंच ▶▶| शेष पेज 12 पर

गरियाबंद कलेक्टर के नाम पर जिला पंचायत सीईओ को सौंपा



सचिव पूर्व में पांच साल रह चुके हैं निलंबित

त्यागपत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त सचिव पूर्व में अपनी लापरवाही के कारण 5 वर्षों तक निलंबित भी रह चुके हैं। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सचिव को हटाने के संबंध में उच्च अधिकारियों को पहले भी कई बार पत्र लिखा जा चुका है, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार शासन-प्रशासन के उदासीन रवैये से क्षुब्ध होकर सरपंच, उपसरपंच और सभी पंचों ने एकजुट होकर सामूहिक त्यागपत्र देने का कदम उठाया है।



परेशानी : मैनपुर- देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी में शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक आवागमन पर रोक

कोर्ट के आदेश के बाद टाईगर रिजर्व में एनएच का हिस्सा बंद, तौरंगा नाके में लगी वाहनों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व के बीचों-बीच गुजरने वाली नेशनल हाईवे 130 सी रायपुर- मैनपुर- देवभोग मुख्य मार्ग में सोमवार से शाम 7 बजे के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इंदागांव और तौरंगा नाके पर वाहनों और आने- जाने वालों की कतार लग गई है। जानकारी नहीं होने के कारण लोग परेशान हो रहे हैं।

- अब तय समय के बाद उदंती अभ्यारण्य से नहीं गुजर पाएंगे वाहन

उदंती सीतानदी अभ्यारण्य से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए अब रात का सफर मुश्किल होने वाला है। शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक अभ्यारण्य क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अभ्यारण्य प्रशासन ने यह व्यवस्था सालभर के लिए लागू कर दी है। बता दें कि यह प्रतिबंध नेशनल हाईवे-130 सी के उस हिस्से पर भी लागू होगा, जो उदंती अभ्यारण्य के भीतर से गुजरता है। रायपुर से मैनपुर देवभोग जाने वाले यात्रियों को अब शाम 7 बजे के बाद इस रास्ते से सफर करने पर वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ेगा।

इंदागांव और तोरेंगा नाका पर शाम 7 बजे से रोक वाहनों को

अभयारण्य क्षेत्र में प्रवेश के प्रमुख रास्तों पर स्थित इंदागांव और तोरेंगा बैरियर शाम 7 बजे बंद कर दिए जाएंगे। यहां से सुबह 6 बजे तक किसी भी तरह के वाहन को आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। बताया गया है कि हाईवे का करीब 30 किलोमीटर हिस्सा अभ्यारण्य क्षेत्र में आता है। रात के समय वन्यजीवों की आवाजाही और इंसानों से उनके टकराव को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

अभी तक यात्री बसों और निजी वाहनों को प्रतिबंध के दायरे से बाहर रखा गया था, लेकिन अब इस छूट को भी खत्म कर दिया गया है। यानी निर्धारित समय के दौरान सभी प्रकार ▶▶| शेष पेज 12 पर

नेशनल हाईवे का 30 किमी का एरिया होगा प्रभावित



आज से नाका में वाहनों को रोका गया, लगी लंबी कतार

मैनपुर देवभोग-रायपुर मार्ग पर शाम 6 बजे के बाद आवागमन प्रतिबंधित किए जाने से सोमवार शाम यात्रियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा शाम होते ही तोरेंगा नाका के पास वाहनों की लंबी कतार लग गई। बताया जा रहा है कि वन्यप्राणियों के स्वच्छंद विचरण एवं उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रात के समय आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके तहत शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक मार्ग पर चारपहिया वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

हाईवा की टक्कर से 14 वर्षीय किशोर की मौत, दो साथी घायल

अभनपुर। अभनपुर मुख्य मार्ग पर शुभम के मार्ट के पास सोमवार को तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक्टिवा सवार 14 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में उसके साथ एक्टिवा पर सवार दो अन्य नाबालिग भी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के दौरान मृतक किशोर हाइवा के चक्के के नीचे आ गया, जिससे वह बुरी तरह कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना 5 अक्टूबर को दोपहर करीब 1:30 बजे शुभम के मार्ट के पास मुख्य मार्ग अभनपुर में हुई। एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 क्यूजेड 6998 में तीन नाबालिग सवार थे। इनमें केशव साहू एक्टिवा चला रहा था, जबकि उसके साथ कृष्णा कुमार साहू उम्र 14 और ओमप्रकाश साहू सवार थे। इसी दौरान हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 04 जे डी 5720 के चालक ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एक्टिवा अनियंत्रित हो गई और कृष्णा कुमार साहू हाइवा के चक्के की चपेट में आ गया। चक्का उसके ऊपर से गुजर जाने के कारण वह गंभीर रूप से कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक्टिवा चला रहे केशव साहू और ओमप्रकाश साहू को भी चोटें आईं।

रिहायशी इलाके में तेंदुआ ने किया बछड़े का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के ग्राम रूवाड़ में बीती रात एक तेंदुए ने कृषक जागेश्वर नागेश के घर की बाड़ी में बंधे बछड़े का शिकार कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलने के बाद घरों से बाहर निकलना भी जोखिम भरा हो गया है। जिस तरह तेंदुआ गांव के भीतर पहुंचकर पालतू पशु का शिकार कर रहा है, उससे ग्रामीणों में अपने परिवार और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

घर और बाड़ी तक पहुंच रहे वन्यजीव- क्षेत्र में वन्यजीवों की सक्रियता लगातार ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। भालू



के हमलों के बाद तेंदुए की दस्तक ने भी ग्रामीणों की चिंता बढ़ाई है। कई ग्रामीणों के घायल होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जबकि रसेला क्षेत्र में एक ग्रामीण की मौत की घटना हुई तो हाटमौहा में भी जंगली जानवर के ▶▶| शेष पेज 12 पर

91 किलो से अधिक गांजे के साथ चार गिरफ्तार, 45.79 लाख का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गरियाबंद और मैनपुर पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 91.592 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 45 लाख 79 हजार 600 रुपए बताई गई है। कार्रवाई के दौरान गांजा परिवहन में प्रयुक्त बस, ऑटो, चार मोबाइल फोन तथा पांच जूट की बोरियों में भरा 137.300 किलो चावल भी जब्त किया गया है। गरियाबंद मामले में तीन और मैनपुर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा, शराब एवं हीरे के परिवहन और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया है। 4 अक्टूबर को थाना गरियाबंद पुलिस को सूचना मिली कि सफेद-पीले रंग की महेश बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0634 में गांजे का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना ▶▶| शेष पेज 12 पर

- गरियाबंद और मैनपुर पुलिस की अलग-अलग कार्रवाई, बस और ऑटो समेत पांच बोरी चावल व चार मोबाइल भी जब्त



चार महीने में उखड़ने लगी सड़क, गिट्टियां बनीं मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम पंचायत टेका के आश्रित ग्राम कपसीडीह में स्कूल के पास हाल ही में बनाई गई सड़क की स्थिति देखकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण को अभी करीब चार महीने भी पूरे नहीं हुए हैं और जगह-जगह से सड़क की गिट्टियां उखड़कर बाहर आने लगी हैं। कई हिस्सों में सड़क की सतह पूरी तरह गिट्टी-गिट्टी नजर आ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मोटाई भी मानकों के अनुरूप नजर नहीं आ रही है। निर्माण के कुछ ही महीनों में सड़क का उखड़ना यह सवाल खड़ा करता है कि निर्माण के



दौरान सामग्री और निर्धारित मापदंडों का कितना ध्यान रखा गया। खासकर स्कूल के पास सड़क की ऐसी स्थिति बच्चों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

देश की विविधता में एकता का अदभुत अनुभव मिला

6 साल की पैदल यात्रा से भारत भ्रमण कर लौट रहे घुमक्कड़ सौरभ का राजिम में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 7 अक्टूबर 2021 को पैदल भारत भ्रमण के लिए निकले घुमक्कड़ सौरभ देवांगन ने छह वर्षों की कठिन और रोमांचक यात्रा के दौरान देश के 28 राज्यों एवं 7 केंद्र शासित प्रदेशों का भ्रमण किया। करीब 20 हजार किलोमीटर की यह लंबी पैदल यात्रा पूरी करने के बाद अब सौरभ अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में वे धर्म नगरी राजिम पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों ने उनका फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत किया।

मूल रूप से बलौदाबाजार जिले के ग्राम



पंचायत जारा निवासी सौरभ देवांगन ने बताया कि छह साल की इस यात्रा के दौरान उन्हें देश के अलग-अलग हिस्सों की संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को करीब से जानने का अवसर मिला। यात्रा में उन्हें कई खट्टे-मीठे अनुभव भी हुए। कहीं लोगों ने उन्हें अपनापन और भरपूर स्नेह दिया, तो कई स्थानों पर कठिन परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने हौसला नहीं छोड़ा और लगातार पैदल चलते हुए अपनी यात्रा जारी रखी। सौरभ की इस यात्रा का उद्देश्य केवल भारत भ्रमण करना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना भी रहा। वे ▶▶| शेष पेज 12 पर

प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी

अब डुप्लीकेट अंकसूची और माइग्रेशन 60 दिनों में मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की विशेष पहल पर राज्य सरकार ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को बड़ी राहत दी है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवाओं को अब 'लोक सेवा गारंटी अधिनियम' के तहत शामिल कर दिया गया है। इस व्यवस्था के लागू होने से छात्रों को अपने जरूरी शैक्षणिक दस्तावेजों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और उनके काम तय समय-सीमा के भीतर पूरे होंगे।

नई व्यवस्था के तहत डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण-पत्र, डुप्लीकेट अंकसूची, उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और



उत्तरपुस्तिका की फोटोकॉपी जैसी सेवाओं को समयबद्ध किया गया है। इन सभी सेवाओं के निपटारे के लिए अधिकतम 60 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि परीक्षा परिणाम के बाद छात्रों के लिए एक-एक दिन कीमती होता है। उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समय पर दस्तावेज मिलना बेहद जरूरी है। सरकार का उद्देश्य है कि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई और भविष्य पर ध्यान दें, न कि सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने में समय और ऊर्जा गंवाएं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को छात्र-केंद्रित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। लोक सेवा गारंटी के तहत सेवाओं को जोड़े जाने से प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। शिक्षा मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छात्रों से जुड़े आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और निर्धारित 60 दिनों की समय-सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय पटल पर छग के शिक्षक खोमन गुरुजी का सम्मान



कोपरा। विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले देशभर के शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित राष्ट्रीय समारोह में छत्तीसगढ़ के नवाचारी एवं समर्पित शिक्षक खोमन गुरुजी को प्रतिष्ठित 'शिक्षा ज्योति सम्मान' से सम्मानित किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 155 से अधिक उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में खोमन गुरुजी को उनके नवाचारी शिक्षण कार्य, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यालय विकास के क्षेत्र में किए जा रहे अनुकरणीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन शिक्षा ज्योति की संस्थापक अर्चना शर्मा एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र सिंह राठौर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। ऑनलाइन मंच के माध्यम से सम्मानित किए गए शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए आयोजकों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राष्ट्रीय सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के साथ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के उत्कृष्ट शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। खोमन गुरुजी को राष्ट्रीय स्तर पर मिले इस सम्मान से छत्तीसगढ़ के शिक्षक समुदाय एवं विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों, शिक्षकों, सहकर्मियों, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके व्यक्तिगत गौरव के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की शिक्षा के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि है। शिक्षा के प्रति समर्पण, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की सोच ने खोमन गुरुजी को राष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान दिलाई है।

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया अग्रवाल समाज

नवापारा-राजिम। क्षेत्र में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए सेवाभावी सामाजिक संस्था अग्रवाल नवजागरण महिला मंडल एवं अग्रवाल समाज द्वारा सेवा कार्य लगातार जारी है। बाढ़ की विषम परिस्थितियों में संस्था के सदस्यों ने प्रभावित बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री एवं पीने के पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराई। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में भोजन वितरण की जिम्मेदारी भी संभाली। लगातार बारिश और महानदी में जलस्तर बढ़ने के कारण नगर की निचली बस्तियों में पानी भर जाने से बड़ी संख्या में परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। ऐसे समय में प्रभावित लोगों के सामने भोजन, पेयजल और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की समस्या उत्पन्न हो गई। इसे देखते हुए अग्रवाल नवजागरण महिला मंडल एवं अग्रवाल समाज के सदस्यों ने राहत कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जरूरतमंदों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने का निर्णय लिया। संस्था के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां रह रहे लोगों की आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा परिवारों को राशन सामग्री उपलब्ध कराई। इसके अलावा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कर लोगों को पानी वितरित किया गया। प्रभावित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई, ताकि संकट की इस घड़ी में किसी परिवार को भूखा न रहना पड़े। महिला मंडल की सदस्यों ने सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए भोजन तैयार करने से लेकर प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था में सहयोग किया। समाज के सदस्यों ने भी राहत कार्य में अपना योगदान देते हुए जरूरतमंद परिवारों की सहायता की। अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय समाज की जिम्मेदारी केवल अपने लोगों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जरूरतमंद हर व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हमारा सामाजिक दायित्व है।

कार्यक्रम : सेवा संकल्प अभियान के तहत मैनपुर में ब्लॉक स्तरीय शिविर

केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार की नागरिकों की भलाई के लिए हैं 5 हजार से अधिक योजनाएं : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर





विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राही लाभान्वित

सेवा संकल्प शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर पोषण टोकरी प्रदान की गई तथा पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। नोनी सुरक्षा योजना के तहत प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग तीन हितग्राही को ट्रायसिकल एवं एक हितग्राही को मोटराईज्ड सायकल, राजस्व विभाग द्वारा पट्टा तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरदानी एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा दस हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड एवं दस हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। वीबीजी-राम-जी योजना के तहत तीन हितग्राहियों को नया जॉब कार्ड एवं चार हितग्राहियों को डबरी से लाभान्वित किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा छः हितग्राहियों को मछली जाल एवं तीन हितग्राहियों को आईस बॉक्स वितरित किया गया।

शासन की योजनाओं और सेवाओं से सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित

केंद्र के नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा आम जनता के हित में लगभग 5080 योजनाओं का संचालन किया जा रहा है इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश और देश के प्रत्येक वर्ग को सीधा लाभ मिल रहा है। डबल इंजन सरकार की इन कल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों से देश व प्रदेश की जनता बेहद खुश है और भाजपा सरकार पर अपना पूरा भरोसा जता रही है। उक्त बातें जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के अंतर्गत आज मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम भाठीगढ़ खेल मैदान में शिविर को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, भाठीगढ़ की सरपंच श्रीमती पुष्पा नेगी, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव उपस्थित थे। शिविर का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलन व पूजा अर्चना कर किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने योजनाओं की जानकारी लेने के साथ अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन भी प्रस्तुत किए। शिविर में लोगों को हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत सामग्री वितरण किया गया। साथ ही कक्षा दसवीं में छह एवं कक्षा में बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि सेवा सेतु शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ उनके गांव के समीप मिल रहा है उन्होंने क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की समस्या का निराकरण करने के लिए नेटवर्क विहीन क्षेत्रें में मोबाइल टावर स्थापित करने को कहा किसानों को फसलों में होने वाली बीमारियों और उनके नियंत्रण की जानकारी देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचना चाहिए। जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर ने भी शिविर को संबोधित किया शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों की बीपी एवं शुगर जांच के साथ टीबी स्क्रीनिंग की गई एग्रीस्टैक पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस सहित विभिन्न सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

ये रहे मौजूद- इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य जामुन बाई नेगी, सुरेन्द्र सोनटेके, गुरूनारायण तिवारी, नरोत्तम साहू, दिलीप साहू, लंबोदर साहू, घनश्याम मरकाम, मनोज निर्मलकर, दुलार सिन्हा, दिनेश सचदेव, नंदनी नेताम, नवीन मांझी, नंदकिशोर चौबे, दिनेश शर्मा, सागर मयाणी, जनपद सीईओ गेंदलाल चुरेन्द्र, तहसीलदार गेंदलाल साहू, बीईओ देवनाथ बघेल, जिला कृशि अधिकारी चंदन राय, डीएमसी शिवेश शुक्ला, लीलावती सेन, डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, डॉ योगेश नायक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यपालन अधिकारी विपलव धृतलहरे, सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल, राजकुमार ध्रुवा, कपिल नायक, संजीव बंजारे, उप वनमंडलाधिकारी राजेन्द्र सोरी, प्रेम ध्रुव, संतोश गुप्ता, बसंत सिन्हा एवं बड़ी संख्या मे विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि आम जनता उपस्थित थे।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में फार्मा पर व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा (कोसमी), गरियाबंद के स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा 05 अक्टूबर 2026 को विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में "फार्मा व्याख्यान श्रृंखला-01" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रत्यक्ष रूप से तथा ऑनलाइन माध्यम से भी किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फार्मेसी के विद्यार्थियों में विषय की गहन समझ विकसित करना तथा आधुनिक एवं नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से जटिल विषयों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. ओमप्रकाश साहू, अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू), आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा स्वागत एवं उद्घाटन संबोधन के साथ, विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संबोधन प्रदान किया। डॉ. आनंद मालवार, कुलपति, आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुष्पेंद्र कुमार पटेल, एसोसिएट प्रोफेसर एवं सॉल्यूशन फार्मेसी के संस्थापक ने बेहतर अधिगम के लिए एनिमेशन, उपमा एवं आरेखों के माध्यम से फार्माकोलॉजी का दृश्यात्मक अध्ययन विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि औषधि विज्ञान जैसे विषयों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय चित्र, आरेख, एनिमेशन तथा दैनिक जीवन की उपमाओं के माध्यम से समझाने से विद्यार्थियों की विषय-वस्तु के प्रति रुचि और समझ दोनों बढ़ती हैं। दृश्यात्मक शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों को औषधियों की क्रियाविधि, रिसेप्टर पर उनकी कार्यप्रणाली तथा विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं को सरलता से समझने में सहायता करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अवधारणाओं को रटने के बजाय उन्हें समझने, देखने और व्यावहारिक रूप से जोड़ने पर बल दिया। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में युगल किशोर राजपूत, सहायक प्राध्यापक, स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान संकाय तथा कार्यक्रम समन्वयक द्वारा समापन उद्बोधन एवं आभार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन, सम्मानित वक्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापकगण, डॉ. चंचल किरण ठाकुर, डॉ.ओमप्रकाश साहू, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, भुनेश्वर साहू, प्रतिभा जायसवाल, विकास साहू, डॉली यदु, कामता प्रसाद साहू, भुवनेश्वर साहू, रोमा साहू, ममता साहू एवं सभी लैब स्टाफ उपस्थित रहे।

8 माह के मासूम आर्यन को मिला नया जीवन, हुई निःशुल्क सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना (आरबीएसके) के तहत गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक से एक बार फिर मानवता को राहत देने वाली खबर सामने आई है। चिरायु दल ए मैनपुर की तत्परता और सक्रियता से ग्राम मटिया उरमाल निवासी 8 माह के मासूम बच्चे आर्यन बीसी (पिता रोहित बीसी) को कलेफ्ट लिप एंड पैलेट (कटे होंठ और तालू) की गंभीर समस्या से पूरी तरह मुक्ति मिल गई है। रायपुर के श्री मेडिसाइन हॉस्पिटल में बच्चे का पूरी तरह से निःशुल्क सफल ऑपरेशन संपन्न हुआ है।



नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान हुई पहचान- आंगनवाड़ी केंद्र व स्कूल में चिरायु टीम द्वारा किए जाने वाले नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान इस मासूम बच्चे की पहचान की गई थी। चिरायु दल मैनपुर के प्रभारी चिकित्सक डॉ. आर. रमन माथुर, तुलसीदास मानिकपुरी (एम.एल.टी.), और बृज कंवर (ए.एन.एम.) ने परीक्षण के दौरान बच्चे में जन्मजात कटे होंठ और तालू की समस्या को देखा। इसके बाद टीम ने तत्परता दिखाते हुए परिजनों को उचित परामर्श दिया और आगे के निःशुल्क इलाज के लिए रायपुर के उच्च स्तरीय अस्पताल में रेफर करने की पूरी कागजी व चिकित्सीय प्रक्रिया पूरी की।

परिजनों ने जताया छत्तीसगढ़ सरकार और स्वास्थ्य विभाग का आभार- सफल ऑपरेशन के बाद बच्चे के चेहरे पर मुस्कान देखकर परिजन बेहद भावुक हैं। पीड़ित परिवार ने इस संजीवनी मदद के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री "याम बिहारी जायसवाल को सहृदय धन्यवाद प्रेषित किया है। इसके साथ ही उन्होंने जिला गरियाबंद के मुख्य चिकित्सा एवं खंड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर सहित बच्चे को नया जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली चिरायु दल ए की पूरी टीम के प्रति गहरा आभार प्रकट किया है। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनवाड़ी और स्कूलों में नियमित रूप से चलने वाली चिरायु योजना गरीब परिवारों के बच्चों के लिए वास्तव में वरदान साबित हो रही है।

जिला जेल में 240 बंदियों की हुई आयु एवं संरक्षण संबंधी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जेलों में निरुद्ध बंदियों की आयु के सत्यापन तथा बच्चों से संबंधित संरक्षण की स्थिति की जांच के उद्देश्य से 29 सितंबर 2026 को जिला जेल गरियाबंद का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश के निर्देश एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के मार्गदर्शन में गठित जेल निरीक्षण समिति ने जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति ने जिला जेल की 8 बैरकों का निरीक्षण किया तथा प्रत्येक बंदी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी वास्तविक आयु एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय जेल में कुल 240 बंदियों से संबंधित स्थिति सामने आई, जिसमें 228 बंदी जेल में निरुद्ध पाए गए, जबकि 12 बंदी अपने प्रकरणों की अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय गए हुए थे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि आयु निर्धारण में किसी प्रकार की प्रक्रियागत त्रुटि या संदेह के कारण कोई बालक जेल में निरुद्ध न रह जाए। समिति द्वारा बंदियों से उनकी जन्मतिथि एवं आयु से संबंधित जानकारी लेकर आवश्यक तथ्यों का परीक्षण किया गया।

जेल निरीक्षण समिति ने 8 बैरकों का किया निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान एक बंदी ने समिति को बताया कि उसकी उम्र 18 वर्ष से कम प्रतीत होती है। समिति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित बंदी की जन्मतिथि एवं आयु के सत्यापन के लिए आवश्यक अग्रिम कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। आयु सत्यापन के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह दो बंदियों ने बताया कि उनके जेल में निरुद्ध रहने के कारण उनके बच्चों की घर पर देखरेख एवं संरक्षण करने वाला कोई वैध संरक्षक उपलब्ध नहीं है। निरीक्षण समिति ने इन मामलों में भी बच्चों के संरक्षण एवं आवश्यक सहायता के लिए आगे की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जेल निरीक्षण के दौरान समिति ने इस बात पर विशेष ध्यान दिया कि किसी भी संभावित बालक को आयु संबंधी संदेह अथवा प्रक्रियागत त्रुटि के कारण जेल में निरुद्ध न रखा जाए। साथ ही जेल में निरुद्ध ऐसे बंदियों के बच्चों की स्थिति की जानकारी भी ली गई, जिनके परिवार में उनकी देखरेख के लिए कोई वैध संरक्षक उपलब्ध नहीं है। यह निरीक्षण मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने और बाल अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में किया गया। जेल निरीक्षण समिति में बाल कल्याण समिति की सदस्य ताकेश्वरी साहू, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य केमेश्वरी साहू, अधिवक्ता जिला न्यायालय हेमराज दाऊ, सामाजिक कार्यकर्ता लता नेताम (लोक आस्था) तथा विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी शरद चंद्र निषाद शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान जिला जेल अधीक्षक टामन साहू, सहायक जेल अधीक्षक रवि भुआर्य, सालिक राम निषाद एवं बालिक राम साहू सहित पैरालीगल वालेंटियर ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

पेज 11 के शेष...

सचिव की निष्क्रियता...

एवं पंच पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के सचिव को तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक विषयों की समझ नहीं है और उनका व्यवहार भी पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के प्रति अपेक्षित नहीं है। इसके कारण गांव का समग्र विकास रुक गया है।

कोर्ट के आदेश...

के वाहनों पर रोक रहेगी। **दोनों बैरियर पर सीसीटीवी से निगरानी-** नियम का पालन कराने के लिए दोनों नाकों पर निगरानी भी बढ़ाई गई है। इंदागांव और तोरेंगा बैरियर पर कैमरों के जरिए ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि रात के समय वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी जा सके। प्रशासन का उद्देश्य यह भी है कि प्रतिबंध लागू करने के दौरान किसी तरह की अनियमितता या विवाद की स्थिति न बने और बैरियर पर तैनात व्यवस्था की लगातार निगरानी होती रहे।

छह महीने में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं- उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के उपनिदेशक वरुण जैन ने रात में वाहनों की आवाजाही पर रोक के निर्देश का पालन किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीनों में भालू, तेंदुए और दूसरे वन्य प्राणियों के साथ मानव संघर्ष की गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। श्री जैन के मुताबिक, मानव और वन्यजीवों के बीच टकराव को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने रात के समय अभ्यारण्य क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत अब सभी वाहनों पर प्रतिबंध लागू किया जा रहा है। हालांकि, मेडिकल या ऐसी दूसरी आपात स्थिति, जिसमें सीधे जीवन बचाने की जरूरत हो, उसमें वाहनों को जाने की अनुमति दी जाएगी। **रायपुर-देवभोग के यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी-** रात में इस रास्ते से सफर करने वाले यात्रियों पर प्रतिबंध का सीधा असर पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक, शाम 7 बजे के बाद रायपुर से देवभोग की ओर जाने वाली पांच से ज्यादा यात्री बसें इस मार्ग से गुजरती हैं। इसके अलावा ऐसे लोग भी बड़ी संख्या में इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं, जो जिला मुख्यालय या राजधानी में काम के सिलसिले में जाते हैं और एक ही दिन में काम निपटाकर देर शाम या रात में वापस लौटते हैं। अब रात के समय हाईवे से आवाजाही बंद होने के कारण उन्हें या तो अपना सफर पहले पूरा करना होगा या फिर वैकल्पिक रास्ते का सहारा लेना पड़ेगा

कैरियर काउंसलिंग में...

कैरियर एवं भविष्य से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे, जिनका काउंसलर ने सरल एवं उपयोगी तरीके से समाधान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता के अनुरूप लक्ष्य तय कर उसके लिए योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक धर्मराज साहू, कुशकुमार दीवान, डी.एस. दीवान, पोषण कुमार टोडरे, घनौद कुमार कनौजे, भुनेश्वरी दीवान सहित विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कैरियर काउंसलिंग से विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी मिली तथा उनके मन में भविष्य को लेकर नई ऊर्जा और स्पष्टता देखने को मिली।

रिहायशी इलाके...

हमले से एक महिला की मौत हो चुकी है। **ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए वनविभाग पर टिकी नज़र-** ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग केवल घटना के बाद मौके पर पहुंचने तक सीमित न रहे, बल्कि संवेदनशील गांवों की पहचान कर पूर्व तैयारी और नियमित निगरानी की व्यवस्था करे, ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को समय रहते रोका जा सके। वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी है, लेकिन इसके साथ ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

91 किलो से अधिक...

पर पुलिस और विशेष टीम ने बस स्टैंड पहुंचकर गवाहों की मौजूदगी में बस की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बस की पीछे की डिक्की में रखी पांच जूट की बोरियों में सात पैकेट मिले, जिनमें कुल 67.842 किलो गांजा बरामद हुआ। इसकी कीमत 33 लाख 92 हजार 100 रुपए आंकी गई है। मामले में पुलिस ने शमसुद्दीन पिता शेख छोटे उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम माचा, थाना मोदहा, जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश, हाल मोदहापारा रायपुर तथा आशोक यदू पिता लालमन यदू उम्र 32 वर्ष निवासी टिकरापारा देवभोग को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने गांजा भजन धुरवा पिता श्रीधर उम्र 35 वर्ष निवासी दरलीपारा, थाना देवभोग, हाल बलरामपुर, थाना जुनागढ़, जिला कालाहांडी ओडिशा से खरीदना बताया। इसके बाद पुलिस ने भजन धुरवा को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से गांजे के अलावा पांच जूट की बोरियों में भरा 137.300 किलो चावल, करीब 15 लाख रुपए कीमत की बस, करीब 1.50 लाख रुपए कीमत का ऑटो और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(II)(सी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। **मैनपुर में बस यात्री से 23.750 किलो गांजा बरामद-** थाना मैनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि देवभोग-रायपुर मार्ग की बस में सवार एक यात्री अपने पास गांजा रखकर रायपुर की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मां शारदा बस को रोककर संदिग्ध यात्री की तलाशी ली। पूछताछ में यात्री ने अपना नाम दामोदर मेहेर पिता कृष्णाचंद उर्फ कृष्णाचंद मेहेर उम्र 40 वर्ष निवासी नकटीगुड़ा, थाना जुनागढ़, जिला कालाहांडी ओडिशा बताया। पुलिस ने उसके सामान की तलाशी ली तो नीले-सफेद रंग के कार्टन में रखे थर्माकोल के आइस बॉक्स से दो पैकेट बरामद हुए। इनमें कुल 23.750 किलो गांजा मिला, जिसकी कीमत 11 लाख 87 हजार 500 रुपए बताई गई है। आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। मैनपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(II)(सी) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

चार महीने में...

से सड़क की गुणवत्ता और मोटाई की जांच कराने की मांग की है। साथ ही ठेकेदार द्वारा किए गए निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कर आवश्यक सुधार कराने की बात कही है। अब देखना होगा कि सड़क की गिट्टियां उखड़ने के बाद विभाग की नजर भी सड़क पर पड़ती है या फिर गुणवत्ता की जांच सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहती है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क की स्थिति सुधारने के लिए जल्द कदम उठाएंगे।

6 साल की पैदल...

जिन-जिन क्षेत्रों से गुजरे, वहां लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक करते रहे। उन्होंने कई लोगों को पौधे भेंट किए और स्वयं भी विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया। सौरभ ने बताया कि यात्रा के दौरान उन्हें देश की विविधता में एकता का अद्भुत अनुभव हुआ। अलग-अलग भाषा, संस्कृति और रहन-सहन के बावजूद लोगों के बीच अपनापन और मानवता की भावना ने उन्हें लगातार प्रेरित किया। घुमक्कड़ सौरभ देवांगन आगामी 12 अक्टूबर को पैदल चलते हुए अपने गृह ग्राम जारा पहुंचेंगे, जहां उनकी छह वर्षों से जारी भारत भ्रमण पैदल यात्रा का विधिवत समापन होगा। उनकी इस अनूठी यात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों में भी उत्साह है।

खबर संक्षेप

खोकसरा के सेवा संकल्प शिविर में शामिल होंगे मंत्री दयालदास बघेल

गरियाबंद। जिले में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 06 अक्टूबर 2026 को देवभोग क्षेत्र के ग्राम खोकसरा में



सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंत्री बघेल 12:30 बजे शासकीय हाई स्कूल परिसर खोकसरा पहुंचकर सेवा संकल्प अभियान में शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा शिविर में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है।

मांडव्य ऋषि आश्रम बावाकुपी में 8 अक्टूबर को लगेगा रक्तदान शिविर

छुईहा-बेलर। सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू के जन्मदिन के अवसर पर 8 अक्टूबर को मांडव्य ऋषि आश्रम बावाकुपी, मड़वाडीही में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10:30 बजे से शाम



4:30 बजे तक चलेगा। आयोजन मॉडर्न ब्लड बैंक एवं शासकीय डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल रायपुर के मार्गदर्शन में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार रूपसिंग साहू के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 12 अक्टूबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि को देखते हुए आयोजन की तिथि में परिवर्तन किया गया है। इस बार भी सहपाठियों के सहयोग से शिविर में 150 रक्तदाताओं का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 76 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीयन कराया है। आयोजन की तैयारियों में जुटे नानक साहू ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर 12 अक्टूबर को मौली माता मंदिर फिंगेश्वर और मांडव्य ऋषि आश्रम स्थित शिव मंदिर में क्षेत्र की सुख-समृद्धि, स्वस्थ जीवन एवं तरक्की की कामना के लिए पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे तथा उनके बीच दिनभर समय देकर सेवा संकल्प कार्य किया जाएगा।

लाफिनकला में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

महासमुंद। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्राम लाफिन कला में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गांधी चौक की सफाई व विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

पंचायत उपचुनाव की तैयारियां तेज, 1 सरपंच और 21 पंच पदों के लिए होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उपचुनाव 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। आयोग के निर्देश के बाद गरियाबंद जिले में भी पंचायत उपचुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अगस्त 2026 की स्थिति में जिले में कुल 22 पंचायत पद रिक्त हैं, जिनमें 1 सरपंच और 21 पंच पद शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत उपचुनाव 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम निर्धारित किया है। इसी तारतम्य में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संबंधित क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरियाबंद, छुरा, राजिम, मैनपुर, देवभोग को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार गरियाबंद, छुरा, फिंगेश्वर, मैनपुर एवं देवभोग को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। अपील प्राधिकारी के रूप में अपर कलेक्टर, गरियाबंद को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषा ठाकुर ने बताया कि निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए प्रथम चरण की प्रक्रिया 5 अक्टूबर 2026 से शुरू हो गई है। इसके बाद 6 अक्टूबर तक विधानसभा की अद्यतन निर्वाचक नामावली जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराने, 9 अक्टूबर तक दावे एवं आपत्तियों के आधार पर निर्वाचक नामावली का वॉर्डवार एवं भागवार वर्गीकरण तथा 12 अक्टूबर तक वॉर्डवार एवं भागवार निर्वाचकों की सूची तैयार करने का कार्यक्रम है।

23 अक्टूबर से मतदाता सूची का प्रकाशन, 30 नवंबर को अंतिम प्रकाशन



14 को चेकलिस्ट की जांच एवं त्रुटि सुधार किया जाएगा

निर्वाचक नामावली का चेकलिस्ट 13 अक्टूबर तक तैयार किया जाएगा। इसके बाद 14 अक्टूबर को चेकलिस्ट की जांच एवं त्रुटि सुधार किया जाएगा। संशोधन के बाद प्रारूप निर्वाचक नामावली मुद्रण के लिए 16 अक्टूबर तक जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजी जाएगी तथा 21 अक्टूबर तक प्रारूप निर्वाचक नामावली का मुद्रण कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। इसके साथ ही दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू होगी। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2026 को दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 3 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद निराकरण आदेश पारित होने के पांच दिवस के भीतर अपील की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में 19 नवंबर तक करने तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जांच के बाद पीडीएफ मुद्रण हेतु सूची कार्यालय को 23 नवंबर तक भेजी जाएगी। अनुपूरक सूची का मुद्रण 27 नवंबर तक किया जाएगा और अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 30 नवंबर 2026 को किया जाएगा।

समस्या : हादसों का शहर बनता नवापारा

रफ्तार पर लगाम नहीं, ब्रेकर का इंतजार
आए दिन दुर्घटनाएं, जिम्मेदार विभाग बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

व्यापार और उद्योग के बड़े केंद्र के रूप में पहचान रखने वाला नवापारा अब हादसों के शहर के रूप में भी बदनाम होने लगा है। शहर की सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई हादसे लोगों की जिंदगी छीन रहे हैं। हाल के दिनों में ही पिकअप में दबने से दो लोगों की मौत हुई, जबकि तीन दिन पहले ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की जान चली गई।

ये घटनाएं बताती हैं कि शहर की सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था कितनी कमजोर है। नवापारा रायपुर-गरियाबंद-ओड़िशा मुख्य मार्ग पर स्थित महत्वपूर्ण शहर है। शहर से लगभग तीन किलोमीटर पहले से लेकर शहर के करीब तीन किलोमीटर आगे तक करीब छह किलोमीटर का हिस्सा रिहायशी आबादी से होकर गुजरता है। आबादी के बीच से गुजरते वाहन कई जगह रफ्तार कम करने की जरूरत तक महसूस नहीं करते। शहर के कई संवेदनशील मोड़ों और चौकों को स्थानीय लोग कैंची चौक के रूप में जानते हैं।



ब्रेकर जरूरी, मगर जिम्मेदारों की नजर नहीं

आबादी वाले इस मुख्य मार्ग पर संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर यातायात नियंत्रण के इंतजाम किए जाने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। कई स्थानों पर नियमानुसार स्पीड कंट्रोल के उपाय, संकेतक और जरूरी यातायात व्यवस्थाएं नहीं होने से वाहन चालकों को खुली सड़क मिल जाती है। सवाल यह है कि जब शहर के बीच से मुख्य मार्ग गुजर रहा है और रोजाना बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, तो दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए जा रहे?

खाकी का खौफ भी नहीं- शहर में यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई की जरूरत भी सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार, लापरवाह ड्राइविंग और नौसिखिए चालकों पर नियमित निगरानी नहीं होने से वाहन चालकों में कानून का पर्याप्त डर नजर नहीं आता। पुलिस थाना शहर से करीब एक किलोमीटर दूर होने की स्थिति में भी यातायात व्यवस्था को केवल थाने की दूरी से नहीं, बल्कि नियमित सड़क निगरानी और प्रभावी कार्रवाई से मजबूत किया जाना चाहिए। नवापारा में दुर्घटनाएं अब अपवाद नहीं रह गई हैं। शहर के किसी न किसी हिस्से से रोज सड़क हादसे की खबर सामने आना गंभीर चिंता का विषय है। सवाल सीधा है-क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? हादसे के बाद मुआवजा और कार्रवाई से बेहतर है कि हादसा होने से पहले सड़क पर सुरक्षा की व्यवस्था कर दी जाए। अब जरूरत रफ्तार पर लगाम लगाने की है, वर्ना नवापारा की सड़कें कब किस घर का चिराग बुझा दें, कहना मुश्किल है।

पीएमजीएसवाई विभाग के अधिकारी सेवा सेतु शिविर से नदारद, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम जेंजरा में शासन के सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारी-कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया है। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही मौजूद नहीं रहे। इससे जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों में भी भारी नाराजगी देखी गई। बताया गया कि सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुननी थीं। खास तौर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जुड़ी शिकायतों, निर्माण कार्यों, खराब सड़कों, मरम्मत तथा अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों को अपनी बात रखने और आवेदन देने की सुविधा मिलनी थी। शिविर में पीएमजीएसवाई के अधिकारी-कर्मचारी नजर नहीं आए। शिविर में पहुंचे ग्रामीण सड़क संबंधी अपनी शिकायतें लेकर इधर-उधर भटकते रहे। कई ग्रामीण बार-बार यह पूछते नजर आए कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारी आखिर आए हैं या नहीं। ऐसे में जिस विभाग से संबंधित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की शिकायतें हों, उसी विभाग के अधिकारी शिविर से गायब रहें तो अभियान की उपयोगिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों का कहना है कि शिविर में अधिकारी मौजूद रहते तो सड़क से संबंधित समस्याओं को सामने रखा जा सकता था और कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो सकती थी। लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ा। स्थानीय प्रतिनिधियों ने सवाल उठाया है कि जब शासन स्तर पर जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सेवा सेतु अभियान चलाया जा रहा है, तो विभागीय अधिकारियों को शिविर में उपस्थित रहने के निर्देशों का पालन क्यों नहीं किया गया। क्या संबंधित अधिकारियों को शिविर की जानकारी नहीं थी या फिर उन्होंने जानबूझकर इसे गंभीरता से नहीं लिया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय करने तथा शिविर में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सुरगपानी में आयोजित हुआ राजगोंड़ समाज का नवाखाई मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम सुरगपानी में 4 अक्टूबर को जिला स्तरीय राजगोंड आदिवासी समाज ने नवाखाई मिलन समारोह व ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुरगपानी में छुरा और गरियाबंद ब्लाक के 180 गांवों के स्वजातीय बंधुओं पहुंचे। इस दिन सुरगपानी में दिनभर उत्सव और पारंपरिक रंग में डूबा रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्रशेखर नागवंशी अध्यक्ष छुरा परिक्षेत्र, अध्यक्षता विद्याधर नागेश संरक्षक, विशेष अतिथि के रूप में शिरकत किए तोकेश्वरी मांझी महिला प्रकोष्ठ, अश्विनी मरकाम उपाध्यक्ष, संतराम सलाहकार, रतन सिंह सोरी कोषाध्यक्ष,लालधर मरकाम सलाहकार सहित ग्यारह सर्कल के सभापति मंच पर आसीन थे।

सभी अतिथियों द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से बड़ादेव की पूजा अर्चना कर आरती की। इसके बाद अतिथियों और सगा पाहुनो का पारंपरिक सत्कार किया गया। इसी कड़ी में समाज के 10 व 12 कक्षा पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 10 वीं में प्रथम स्थान पर छात्रा जयमनी मरकाम को 1500 रूपए, द्वितीय स्थान



फूलमती 1000 रूपए, तृतीय स्थान केशराम 500 रूपए सहित 65 छात्र छात्राओं को मेमेन्टो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ऐसे विधार्थियों जो केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य, प्रयास परिक्षा दिलाकर प्रवेश किये, उन्हें भी मेंडल व प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मान किए। और कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान पर भोजराम को 2000 रुपए, द्वितीय स्थान जानकी 1500 रूपए, तृतीय स्थान गीतांजलि 1000 रूपए और मेमेन्टो व प्रशस्ति पत्र देकर नवाज़ गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारे समाज की अनूठी सांस्कृतिक विरासत, रीति-रिवाज, जीवनशैली, के बारे में विचार प्रस्तुत किए। अध्यक्षता कर रहे विद्याधर नागेश ने कहा राजगोंड समाज के लिए गौरव की बात है, ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम में एकता और जागरूकता लाने की दृष्टि से आयोजित किया जाता है।

विशेष अतिथि तोकेश्वरी मांझी ने कहा राजगोंड समाज के सर्वांगीण विकास उन्नति और उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए स्वजातीय बंधुओं में एकता जागरूकता व शिक्षा का होना जरूरी है। नशे के लिए प्रेरित करने वाली संगत से दूरी भी बनाने की समझाइश दी। इस कार्यक्रम में पहुंचे पीपरछेडी थाना के मेजर ध्रुव, सिपाही अनील पांडे ने नशामुक्त जीवन अपनाने और नशें से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। 10 से 15 वर्ष विद्यालय छोड़ चुके छात्र छात्राओं को ओपन परिक्षा दिलाकर उत्तीर्ण हुए उसे निर्मला मरकाम प्रेरक के द्वारा मेमेन्टो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस तरह नीट परीक्षा में पास हुए संतराम नेताम को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुलाब सिंग मरकाम,भुवेन्द्र मरकाम ने की।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को ग्राम दर्रीपार, रोबा, मौलीपारा, हल्बापारा, फिंगेश्वर में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिनमें बताया गया कि हेल्पलाइन नंबर से कानूनी सलाह एवं मदद ले सकते हैं।

शिविर का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों को उनके अधिकारों,सम्मान,सुरक्षा एवं विधिक संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।इस दौरान अधिक से अधिक वृद्धजनों से संपर्क कर उन्हें उनके कानूनी अधिकारों एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविर में वृद्धजनों को निःशुल्क विधिक सहायता, भरण–पोषण एवं संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधान, संपत्ति संबंधी



अधिकार,पारिवारिक विवादों में विधिक सहायता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रदान की गई।

वृद्धजनों को आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया गया कि निःशुल्क विधिक सहायता के लिए 6 हेल्पलाइन नेल्सा वि.15100,वरिष्ठ नागरिकों की सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए एल्डरमेन 14567,साइबर अपराध अथवा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा महिलाओं को सहायता एवं संरक्षण के लिए महिला हेल्पलाइन 181 पर संपर्क किया जा सकता है।पैरालीगल वॉलिंटियर्स द्वारा वृद्धजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर में पैरालीगल वॉलिंटियर कोमल निषाद (थाना राजिम), टिकेश्वर निषाद (थाना छुरा), कमलेश कश्यप (थाना फिंगेश्वर), विक्रम सोनी(थाना पांडुका), प्रेमलाल सिन्हा (थाना गोबरा नवापारा) द्वारा जागरूकता अभियान में सहभागिता निभाई गई।

वोट चोरी के खिलाफ मैनपुर में कांग्रेस ने जंगी रैली निकाली, ज्ञानेश कुमार का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के तत्वावधान में पाटऍ कार्यकर्ताओं ने नगर मे उग्र प्रदर्शन किया, हाथों में झंडे–बैनर लेकर सड़कों पर उतरे कांग्रेसियों ने जंगी रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए मैनपुर नगर के बस स्टैंड पहुंचे। बस स्टैंड परिसर में एकत्रित हुए आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया और उनके तुरंत इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों और चुनाव प्रणाली की निष्पक्षता को नुकसान पहुँचाया जा रहा है। चुनाव आयोग निष्पक्ष भूमिका निभाने में विफल रहा है और जनता के जनादेश के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महामंत्री गेंदु यादव ने कहा चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर कार्य कर रही है और अब चुनाव





आयोग से देश की जनता का वि"वास उठ चुका है जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तिफा नही देंगे अब यह आंदोलन गांव गांव तक किया जायेगा। बस स्टैंड मैनपुर में घंटे भर चले इस विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही तय नहीं हो जाती, उनका यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। कांग्रेसियो ने आज सप्ताहिक बाजार मे रैली निकालकर पूरी तरह माहौल बनाया बाजार मे पहुंचे हजारो लोगो के सामने रैली निकाली और जैसे ही पुतले को आग के हवाले किये कांग्रेस कार्यकर्ताओ और पुलिस के बीच झड़प की स्थिति निर्मित हो गई। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन, तनवीर राजपूत, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पारेवर नेगी, लिकेश यादव, डोमार साहू, रेवन दीवान, रूपेश मसीह, केसरी ध्रुव, रामसिंग नागेश, विमल नेगी, बिलेश ध्रुवा, जाकिर रजा, इमरान रजा, पारे"वर नेताम, तीवकुमार सोनी, लिलेश चक्रधारी, मनोज कुमार, भुवन नेताम, जोगेन्द्र कुमार, शिवकुमार, दयाराम एवं बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान

गरियाबंद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में, राज्य में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण हेतु एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे युवा एवं पहली बार पात्र बने मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है, जिनके नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं अथवा विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 के दौरान मतदाता सूची से किसी कारण विलोपित हो गए थे। यह कार्य बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत 5 अक्टूबर 2026 से 31 अक्तूबर 2026 तक किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषा ठाकुर ने बताया कि नागरिकों की सक्रिय सहभागिता और सहयोग से यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा सभी पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। समस्त पात्र नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और मतदाता सूची में अपना विधिवत पंजीकरण करें। मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करने के लिए इसीआईनेट मोबाइल एप्प या वेबसाइट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से फॉर्म 6 में ऑनलाईन आवेदन भी किया जा सकता है। वर्तमान में फॉर्म 6 के साथ घोषणा पत्र की आवश्यकता नहीं हैं।

युवा रत्न सम्मान के लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन

गरियाबंद। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक-सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल तथा अन्य विविध क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें राज्य स्तर पर मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना संचालित किया जा रहा है। युवा रत्न सम्मान हेतु आवेदन 30 अक्टूबर 2026 तक आमंत्रित है। खेल विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना में विभिन्न क्षेत्र जैसे- असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य 01 युवा तथा 01 स्वैच्छिक संगठन को (पुरस्कार राशि 2 लाख 50 हजार रुपये एवं 05 लाख रुपये), युवा रत्न सम्मान सामाजिक, साहित्य, उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी, दिव्यांजन सशक्तिकरण, कला एवं संगीत, लोककला में सम्मान किया जायेगा। इस योजना अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्र में 01 युवा को 01 लाख रुपये पुरस्कार राशि के साथ पदक, एक प्रमाण पत्र, एक शॉल प्रदान की जायेगी। युवा रत्न सम्मान (महिला एवं बाल विकास) के पुरस्कार में केवल महिलाओं, बालिकाओं को ही प्रदान की जाएगी। एक श्रेणी का युवा रत्न सम्मान, किसी व्यक्ति संगठन, संस्था को एक से अधिक बार नहीं दिया जाएगा। इस सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी तथा आयु 15 से 29 वर्ष (जिस वित्तीय वर्ष के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाना है, उसके 01 अप्रैल को उसकी आयु 15 वर्ष पूर्ण तथा 31 मार्च में आयु 29 वर्ष से कम होना चाहिए) के बीच होना चाहिए। युवा रत्न सम्मान योजना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आवेदन 30 अक्टूबर 2026 तक कार्यालय कलेक्टर, खेल एवं युवा कल्याण, जिला गरियाबंद में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

कौशिक की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

महासमुंद। ग्राम खरोरा में महान समाजवादी नेता एवं भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय पुरूषोत्तम लाल कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई।

खेल प्रतिभाओं ने दिखाया दमखम, रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों में भरा उत्साह

ग्राम रजनकटा में आयोजित एक दिवसीय भव्य कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका





ग्राम रजनकटा में आयोजित एक दिवसीय भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ होकर 4 अक्टूबर 2026 को उत्साह एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में गरियाबंद, धमतरी और रायपुर जिला से लगभग 33 कबड्डी टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार ग्राम देवरी, द्वितीय पुरस्कार अमलोर, तृतीय पुरस्कार रजनकटा और चौथा पुरस्कार ग्राम मोहतरा की टीम ने प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर पूरे समय खेलप्रेमियों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल, फुर्ती, ताकत और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। कबड्डी के मुकाबलों में खिलाड़ियों द्वारा रेड, डिफेंस और शानदार पकड़ का प्रदर्शन देखने को मिला। जैसे-जैसे मुकाबले आगे बढ़ते गए, प्रतियोगिता का रोमांच भी बढ़ता गया। खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर मैदान के चारों ओर मौजूद दर्शकों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ उनका हौसला बढ़ाया।आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए बेहतर व्यवस्था की गई थी। खेल मैदान में खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। ग्रामीणों और युवाओं ने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

पहल : सीईआईआर पोर्टल के जरिए पुलिस ने बरामद किए मोबाइल

60 गुम मोबाइल मिले, मालिकों को लौटाए तो चेहरों पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





पुलिस की पहल से बढ़ा भरोसा

एक साथ 60 गुम मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को लौटाने की कार्रवाई से लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गुम और चोरी हुए मोबाइल की बरामदगी के लिए साइबर सेल के माध्यम से अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।

गुम हुए मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों के चेहरों पर सोमवार को उस समय खुशी लौट आई, जब गरियाबंद पुलिस ने साइबर सेल की मदद से 60 मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गुम और चोरी हुए मोबाइल की लगातार तलाश कर उन्हें बरामद करने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की पहल पर साइबर सेल द्वारा गुम हुए मोबाइल की तकनीकी माध्यम से तलाश की जा रही है। इसी क्रम में 5 अक्टूबर को पुलिस ने 60 मोबाइल बरामद किए और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद संबंधित मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया।

सीईआईआर पोर्टल से मिल रही मदद- पुलिस के अनुसार भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल के आईएमईआई नंबर को ट्रैक किया जाता है। इसके जरिए यह पता लगाने में मदद मिलती है कि संबंधित मोबाइल हैंडसेट में वर्तमान समय में कौन सा सिम कार्ड उपयोग किया जा रहा है। तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस मोबाइल की तलाश कर उसे बरामद करने की कार्रवाई करती है।

मोबाइल गुम हो तो तत्काल दें सूचना- गरियाबंद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर बिना देरी किए नजदीकी थाना या साइबर सेल में इसकी सूचना दें। शिकायत के दौरान मोबाइल नंबर, आईएमईआई नंबर, कंपनी और मॉडल, मोबाइल की खरीदी की रसीद, मोबाइल कहां और कब गुम हुआ, मोबाइल मालिक का नाम व पता तथा आधार कार्ड जैसी आवश्यक जानकारी साथ लेकर जाएं। समय पर सूचना देने से गुम मोबाइल की तलाश में पुलिस को तकनीकी जांच के माध्यम से मदद मिलती है।

सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा



प्रयास क्रिकेट क्लब रवेली के तत्वावधान में रविवार से सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपए एवं आकर्षक शील्ड तथा द्वितीय पुरस्कार के रूप में 6 हजार रुपए एवं शील्ड प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न क्रिकेट टीमें हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच लोहरसी और फुलझर की टीम के बीच खेला गया। उद्घाटन मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं ग्रामीण पहुंचे। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान में शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए मुकाबले को रोमांचक बनाया। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

"खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, मेहनत और टीम भावना सिखाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने का बेहतर अवसर देता है। क्रिकेट के माध्यम से गांव के खिलाड़ी आगे बढ़कर क्षेत्र, जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से हार-जीत की चिंता किए बिना खेल भावना के साथ मैदान में उतरने और निरंतर अभ्यास करने की अपील की।

इस अवसर पर टूकेश्वर प्रजापति, किसन निषाद, मुकेश निषाद, शिव प्रसाद कश्यप, घनश्याम नेताम, युगल पटेल, टोमेश्वर निषाद, नोखेलाल पटेल, ओमप्रकाश पटेल, संदीप साहू सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से आगामी मैचों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ग्रहण किया पदभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा/फिंगेश्वर

राजिम तहसील अंतर्गत ग्राम कौन्दकेरा में रविवार को भक्तिन माता समिति एवं शंकर जी मंदिर समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने गोपनीयता की शपथ ली। बता दें कि यह 25 सितंबर को चुनाव संपन्न हुआ था जिसमें साहू से जुड़े व्यक्तियों की उपस्थिति में विभिन्न पदों चुनाव कराया गया था। जिसमें शंकर जी मंदिर समिति जिसमें अध्यक्ष मोहन साहू ,उपाध्यक्ष थानेश्वर साहू , सचिव रूपेश साहू, कोषाध्यक्ष मनहरण लाल साहू को चुना गया उसके बाद भक्तिन माता मंदिर समिति कौन्दकेरा में अध्यक्ष बोधन साहू, उपाध्यक्ष मोहन साहू, सचिव भोला साहू, कोषाध्यक्ष मोहर साहू को निर्विरोध निर्वाचित हुआ जिनको नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही आय व्यय की जानकारी पूरे ग्रामवासियों के समक्ष नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सौंपा गया वहीं पूर्व पदाधिकारियों का साल व श्रीफल से सम्मानित किया गया । बता दें कि निर्वाचन के दौरान पूरे परिसर में अनुशासन, भाईचारे और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उत्कृष्ट वातावरण देखने को मिला। समाज के वरिष्ठजनों ने इसे साहू समाज की संगठनात्मक एकता, जागरूकता और लोकतांत्रिक परिपक्वता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह चुनाव आने वाले वर्षों में समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। ठाकुर राम साहू, श्रवण साहू, बाबूलाल साहू, किशुन साहू, चुम्मन साहू, उमाकांत साहू, तातु राम साहू, ओंकार साहू, दुष्यंत साहू, दूजलाल साहू, भारत साहू, हीरा लाल साहू,भुवन साहू, केशव साहू,भूषण साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद रहे ।

ब्लॉक कांग्रेस की बैठक, बूथ स्तर को मजबूत करने पर जोर



अभनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के तत्वावधान में बूथ लेवल पदाधिकारियों एवं सोशल मीडिया प्रभारियों की बैठक सद्भावना कुटी अभनपुर में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने तथा जमीनी गतिविधियों और सोशल मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर चर्चा हुई। पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने कहा कि संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, बूथ कमेटियों को सक्रिय करने तथा आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रखने की जरूरत है। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। जिला प्रशिक्षक सौरभ शर्मा एवं प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी जयवर्धन बिस्सा ने कहा कि पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है। पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं स्थानीय जनमुद्दों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, बलविंदर गांधी, चंद्रहास साहू, नीमा निम्बेकर ,डोमेंद्र साहू, नीलकमल गिलहरे, दिनेश अंबिलकर, राजेश साहू, इंदरमन पण्डेल, बीरबल टंडन, हिम्मत सिंह, किरण साहू, सोनजीत ध्रुव तथा बूथ पदाधिकारी एवं सोशल मीडिया समन्वयक उपस्थित रहे।

खट्टी में न्योता भोज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका





खट्टी (रजनकटा) शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी (रजनकटा)सोमवार, 05 अक्टूबर 2026 को न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। शासन की महत्वपूर्ण योजना न्योता भोज के तहत बच्चों के साथ अतिथियों ने जमीन पर बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया और शिक्षा के साथ पोषण के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। इसके पश्चात सभी बच्चों को पत्तल में दाल-भात, आलू गोभी व मुनगा की सब्जी, खीर पुडी, फल और मीठा परोसा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य बी. देवांगन ने कहा कि न्योता भोज जैसी योजना से स्कूल और समाज के बीच की दूरी कम होती है। इससे बच्चों में भी सामुदायिक भावना का विकास होता है। प्रधान पाठक आर.सी. ध्रुव ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप शाला में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रधानपाठक नोहेश्वरी ध्रुव ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ती है।

इस अवसर पर शिक्षक मानिक साहू, ताम्रजध्वज साहू, सरपंच प्रतिनिधि किशन कंडरा, श्रवण साहू, रेखराम साहू, गुलाब यादव, ओमप्रकाश साहू, बीना साहू, राधाबाई पटेल, हेमबाई यादव, कृष्णाबाई मानिकपुरी, सोनू साहू, लोमस पटेल, तुलस राम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा कंडरा, टामिन कंडरा सहित बड़ी संख्या में पालक, माताएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों और ग्रामीण महिलाओं ने किया न्योता भोज, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई

मोहतरा आंगनबाड़ी में मनाया आंगन मिलन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर देशभर में उनके द्वारा किए गए सेवा कार्यों को याद करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में छुरा ब्लॉक के ग्राम मोहतरा की आंगनबाड़ी में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने अध्यक्षता की, मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल गरियाबंद के उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सरपंच देवसिंह दीवान और प्रधानपाठक द्विवेदी मंचासीन रहे।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि गोविंद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से उनके 25 प्रमुख कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है। और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाई जा रही है।

आंगन मिलन कार्यक्रम में गाँव की मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जहूरी बाई ध्रुव, सहायिका सोनबाई ध्रुव और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान उपस्थित गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई, मितानिनों का सम्मान किया गया तथा अतिथियों के हाथों बच्चों को पुरस्कार और उपहार वितरित किए गए।

समारोह के अंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जहूरी बाई ध्रुव और सहायिका को श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों और ग्रामीण महिलाओं ने साथ मिलकर 'न्योता भोजन' का आनंद लिया।

डिंपल्स
कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रयागराज, राहतोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-38 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411